लोकसभा चुनाव : 2024

भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा 16, मार्च 2024 के घोषणा के बाद 18वीं लोकसभा के गठन के लिए लोकसभा चुनाव-2024 देशभर में 19 अप्रैल से 1 जून, 2024 के बीच (44 दिन) 7 चरणों में आयोजित कराये गये। चुनाव के परिणाम 4 जून, 2024 को घोषित किए गए। जिसमें भारतीय जनता पार्टी ने 240 सीटों पर जीत हासिल की और भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन NDA (National Democratic Alliance) ने कुल 293 सीटें जीती। कांग्रेस पार्टी ने 99 सीटें और कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन (INDIA-Indian National Developmental Inclusive Alliance) ने 234 सीटें जीती। अन्य दलों ने 10 और निर्दलीय ने 7 सीटें जीती।

लोकसभा चुनाव-2024 के साथ चार राज्यों (ओडिशा, आंध्र प्रदेश, सिक्किम, अरूणाचल प्रदेश) की विधानसभा का चुनाव भी हुए।

लोकसभा चुनाव 2024

चरण	पहला	दूसरा	तीसरा	चौथा	पांचवां	छठा	सातवां
सीटें	102	89	94	96	49	57	57
राज्य	21	13	12	10	8	7	8
अधि.	20 मार्च	28 मार्च	12 अप्रै.	18 अप्रै.	26 अप्रै.	29 अप्रै.	4 मई
मतदान	19 अप्रै.	26 अप्रै.	7 मई	13 मई	20 मई	25 मई	1 जून

• अधि.- अधिसूचना जारी, अप्रै.-अप्रैल

लोकसभा चुनाव 2024 : परीक्षोपयोगी तथ्य

- लोकसभा चुनाव-2024 का क्रम - 18वां
- चुनाव आयोजित कराये गए - 7 चरणों में
- चुनाव आयोग का टैगलाइन - Chunav Ka Parv, Desh Ka Garv
- चुनाव आयोग का राष्ट्रीय आइकन - सचिन तेंदुलकर
- चुनाव आयोग का युवा आइकन - आयुष्मान खुराना
- चुनाव आयोग का दिव्यांग आइकन - शीतल देवी
- वर्तमान में लोकसभा में सीटों की संख्या - 545
- चुनाव कितने सीटों के लिए हुआ - 543 (राज्य-524, UT-19)
- पूर्ण बहुमत के लिए सीटों की संख्या - 272
- रजिस्टर्ड मतदाताओं की कुल संख्या - 96.8 करोड़
- पुरूष व महिला मतदाता की संख्या - क्रमशः 49.7 एवं 47.1 करोड़
- चुनाव में भाग लेने वाले मतदाताओं की संख्या - 64.2 करोड़
- चुनाव में भाग लेने वाली महिला मतदाताओं की संख्या - 31.2 करोड़
- वर्तमान में भारत का मतदाता लिंगानुपात - 948
- कुल कितना प्रतिशत मतदान हुआ - 65.79%
- चुनाव आयोग द्वारा जारी ऐप - VHA, CVigil, KYC
- चुनाव आयोग द्वारा जारी पोर्टल - Suvidha
- 18वीं लोकसभा में चुनी गई महिला सांसदों की संख्या - 74
- पहली बार चुनकर आए सांसदों की संख्या - 280
- चुनाव लड़ने वाले 53 मंत्रियों में से विजयी हुए - 35
- मतदान का सर्वाधिक प्रतिशत रहा - लक्षद्वीप (84%)
- मतदान का न्यूनत्तम प्रतिशत रहा - बिहार (56%)
- नोटा को सर्वाधिक वोट मिला - इंदौर में (2.18 लाख)
- नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण - 9 जून, 2024
- शपथ ग्रहण समारोह में कितने देशों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल हुए - 7
- 18वीं लोकसभा में चुनकर आए पार्टियों की कुल संख्या - 41
- निर्विरोध निर्वाचित सांसद - मुकेश दलाल (बीजेपी, सूरत सीट से)
- कम उम्र में सांसद बनने वाली आदिवासी महिला - प्रियंका जारकीहोली
- सबसे ज्यादा वोटों के अंतर से जीते - शंकर लालवानी (11.72 लाख)
- सबसे कम वोटों के अंतर से जीते - रविन्द्र दाताराम वायकर (48 वोट)
- सबसे युवा सांसद - पुष्पेन्द्र सरोज (कौशंबी सीट, 25 वर्ष)
- सबसे बुजुर्ग सांसद - थालिकोट्टई राजुथेवर बालू (DMK, 82 वर्ष)
- लद्दाख की एकमात्र सीट पर जीत - हाजी हनीफा (निर्दलीय)

दलवार (पार्टी) परिणाम एवं मिले वोट प्रतिशत (%)

पार्टी	सीटें	%	पार्टी	सीटें	%	पार्टी	सीटें	%
बीजेपी	240	36.56	जद (यू)	12	1.25	RJD	4	1.57
कांग्रेस	99	21.19	SHSUBT	9	1.48	CPI (M)	4	1.76
सपा	37	4.58	NCP (SP)	8	0.92	AAP	3	1.11
AITC	29	4.37	शिवसेना	7	1.15	HAM (S)	1	36.5
DMK	22	1.82	लोजपा	5	0.44	NCP	1	0.32
TDP	16	1.98	YSRCP	4	2.06	AIMIM	1	0.22

➢ सबसे महत्वपूर्ण सीट एवं विजेता :

सीट	विजेता	सीट	विजेता
वाराणसी	- नरेन्द्र मोदी	अयोध्या	- अवधेश प्रसाद
गांधीनगर	- अमित शाह	मंडी	- कंगना रनौत
लखनऊ	- राजनाथ सिंह	नगीना	- चंद्रशेखर रावण
अमेठी	- किशोरी लाल शर्मा	कन्नौज	- अखिलेश यादव
रायबरेली	- राहुल गांधी	मेरठ	- अरूण गोविल
वायनाड	- राहुल गांधी	बहरामपुर	- युसुफ पठान

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"